मुकाबले के बाद जश्न मनाते खिलाड़ी। स्रोत: विभाग

रवींद्र आनंद ने इंजीनियरिंग विभाग को बनाया चैंपियन

प्रयागराज। रवींद्र आनंद के शतक (181 नाबाद, 68 गेंद, 15 चौके, 16 छक्के) से इंजीनियरिंग विभाग ने मैकेनिकल विभाग को रन से हराकर डीआरएम कप अंतर विभागीय टी-20 क्रिकेट प्रतियोगिता के खिताब पर कब्जा जमाया। डीएसए मैदान पर फाइनल मैच में इंजीनियरिंग विभाग ने 20 ओवर में चार विकेट पर 292 रन (रवींद्र आनंद 181 नाबाद, विक्की राय 66, सुरेंद्र 2/48, जितेंद्र कुमार व अनिकेत श्रीवास्तव एक-एक विकेट) बनाए। जवाब में मैकेनिकल विभाग की टीम 18.1 ओवर में 141 रन पर सिमट गई। रवींद्र आनंद को मैन ऑफ द मैच व मैन ऑफ द टूर्नामेंट चुना गया। सुबह दूसरे सेमीफाइनल में कॉमर्शियल ने इलेक्ट्रिकल टीआरडी को छह विकेट से हराया। इलेक्ट्रिकल टीआरडी ने 20 ओवर में आठ विकेट पर 171 रन (गौरव पाल 45, सुशील 44, योगेंद्र कुमार 27, सुरेंद्र 4/22, अनिकेत श्रीवास्तव 2/32) बनाए। जवाब में कॉमर्शियल ने 17.3 ओवर में चार विकेट पर 172 रन (सुरेंद्र 55 नाबाद, मनीष कुमार 31 नाबाद, संजय त्रिपाठी 30, जितेंद्र कुमार 20, सुशील 2/24) बना लिए। सुरेंद्र को मैन ऑफ द मैच चुना गया। संवाद

क्रिकेट प्रतियोगिता में पूर्व छात्रों ने दिखाया दमखम

प्रयागराज। सेंट जोसेफ कॉलेज के पूर्व छात्र संघ ने ओबीएपीएल अंतर-हाउस क्रिकेट प्रतियोगिता आयोजित की। इसमें चार मुकाबले खेले गए। गोल्डन हेरिटेज ने रेड एलीट्स को आठ विकेट से पराजित किया। ब्लू आइकॉन्स ने ग्रीन स्टालवर्ट्स को 49 रन से हराया। रेड स्ट्राइकर्स ने गोल्डन फ्यूचर ने 44 रन से जीत दर्ज की। वहीं, ब्लू एसियरेंट्स ने ग्रीन चैलेंजर्स को 27 रन से मात दी। संवाद

फ्लाइंग डैगर्स, थंडर स्ट्राइकर्स व इन्विंसिबल टाइटेंस की टीमें सेमीफाइनल में पहुंचीं

प्रयागराज। अब्बास-राय मीडिया प्रीमियर लीग में फ्लाइंग डैगर्स, थंडर स्ट्राइकर्स व इन्विंसिबल टाइटेंस की टीम ने सेमीफाइनल में जगह बनाई। देवेंद्र गुप्ता के नाबाद (67 रन, 38 गेंद, 10 चौके, एक छक्का व 1-0-3-1) की बदौलत सीए प्रयागराज इलेवन ने एनसीआर ऑफिसर्स को आठ विकेट से संजय की उम्दा गेंदबाजी (4-0-16-3) के दम पर हराया।

थंडर स्ट्राइकर्स ने इन्विंसिबल टाइटेंस को दो विकेट और सुप्रतीक चटर्जी की नाबाद शानदार (92 रन, 49 गेंद, आठ चौके व चार छक्के) के दम पर फ्लाइंग डैगर्स ने पीडब्ल्यूडी प्रयागराज सुपर किंग्स को आठ विकेट से हराकर अब्बास-राय मीडिया प्रीमियर लीग टी-20 क्रिकेट प्रतियोगिता में अपने-अपने मैच जीतकर पूर्ण अंक हासिल किए।

एनसीआर मैदान पर एनसीआर ऑफिसर्स इलेवन ने 20 ओवर में आठ विकेट पर 143 रन बनाए। जवाब में सीए प्रयागराज इलेवन की टीम ने 16.4 ओवर में दो विकेट पर 145 रन बना लिए। मैच के बाद देवेंद्र गुप्ता को मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार अधिवक्ता शरद कुमार श्रीवास्तव ने दिया।

ईश्वर शरण डिग्री कॉलेज मैदान पर इन्विंसिबल टाइटेंस की टीम 14.3 ओवर में 88 रन (रजत चौधरी 30, विपिन कुमार यादव 24, आजाद खान 10 रन, संजय 3/16, अनुराग 3/27, मुन्ना कुमार व आलोक झा एक-एक विकेट) पर बिखर गई। जवाब में थंडर स्ट्राइकर्स की टीम ने 19.4 ओवर में आठ विकेट पर 89 रन (आयुष तिवारी 28, यश यादव 16 नाबाद, अमन 3/23, विपिन कुमार यादव 2/11, हैदर हुसैन, सैफ अहमद व अंकित अरोरा एक-एक विकेट) पर बना लिए। संवाद

प्रयागराज की पूनम ने 100 और 200 मीटर दौड़ में स्वर्ण पदक हासिल किया

शिक्षक खेलकूद प्रतियोगिता में वाराणसी व प्रतापगढ़ का शानदार प्रदर्शन

संवाद न्यूज एजेंसी

प्रयागराज। नेशनल इंटर कॉलेज हंडिया में रविवार को तृतीय राज्य स्तरीय शिक्षक खेलकूद प्रतियोगिता में वाराणसी, जौनपुर, भदोही, चंदौली, प्रयागराज, आजमगढ़, प्रतापगढ़ व मिर्जापुर के बेसिक, कॉलेज व विश्वविद्यालय स्तर के शिक्षकों ने प्रतिभाग किया।

वॉलीबॉल प्रतियोगिता में वाराणसी की टीम ने भदोही को 21-10, 21-11 से पराजित किया। बैडमिंटन एकल मुकाबले में भदोही के चंद्रकांत पटेल ने प्रतापगढ़ के संजीत को 21-13, 21-17 से हराया। युगल वर्ग में भदोही के संजीत व राहुल की जोड़ी ने प्रयागराज के शैलेंद्र नारायण और अरविंद को 21-8, 21-5 से मात दी।

हंडिया स्थित नेशनल इंटर कॉलेज में राज्य स्तरीय शिक्षक खेलकूद प्रतियोगिता में ट्रॉफी के साथ विजेता खिलाड़ी। स्रोत: संस्था

एथलेटिक्स में वाराणसी की मनीषा सिंह ने 200 मीटर दौड़ व बैडमिंटन में स्वर्ण पदक प्राप्त किया। प्रयागराज की बेसिक की अध्यापिका पूनम गुप्ता ने 100 मीटर व 200 मीटर दौड़ में स्वर्ण पदक हासिल किया।

800 मीटर दौड़ में चंचल मौर्य, शॉटपुट स्पर्धा में अमित कुमार सिंह और डिस्कस थ्रो में भदोही के सूर्यकांत मौर्य ने पहले स्थान अपने नाम किया। प्रतापगढ़ के संजीत ने भी 100 मीटर व 200 मीटर दौड़ में स्वर्ण पदक जीतकर जिले का नाम रोशन किया।

क्रिकेट प्रतियोगिता के फाइनल मुकाबले में प्रतापगढ़ की टीम ने प्रयागराज को 87 रनों से पराजित कर ट्रॉफी पर कब्जा जमाया। अखिल भारतीय जूनियर हाईस्कूल शिक्षक संघ के राष्ट्रीय प्रभारी श्रवण कुमार ने बताया कि प्रतियोगिता में विभिन्न जनपदों के शिक्षकों ने खेल भावना के साथ उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता के मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ. बीके सिंह रहे। इस मौके पर योगेश त्यागी, नरेश कौशिक, सुभाष सिंह चौहान, पीयूष जैन, अजय कुमार मिश्रा रहे।

डॉ. अरुण बने इंडियन टेनिस बॉल स्पोर्ट्स फेडरेशन के अध्यक्ष

मंझनपुर। क्षेत्र के रहने वाले डॉ. अरुण केसरवानी को इंडियन टेनिस बॉल स्पोर्ट्स फेडरेशन का अध्यक्ष बनाए जाने पर क्षेत्र में उत्साह का माहौल है। खासतौर पर इंडियन टेनिस क्रिकेट स्पोर्ट फेडरेशन पूर्वांचल ग्रुप ने इस उपलब्धि को पूर्वांचल और कौशाम्बी के लिए गर्व का क्षण बताते हुए खुशी जाहिर की है। इंडियन टेनिस क्रिकेट स्पोर्ट फेडरेशन पूर्वांचल ग्रुप ने डॉ. अरुण केसरवानी को बधाई देते हुए विश्वास जताया कि उनके नेतृत्व में टेनिस बॉल क्रिकेट को नई दिशा मिलेगी और पूर्वांचल के खिलाड़ियों को राष्ट्रीय स्तर पर पहचान मिलेगी।

डॉ. अरुण।

डॉ. अरुण केसरवानी ने कहा, फेडरेशन की टीम ने मुझ पर जो भरोसा जताया है, उसके लिए मैं आभारी हूं। हमारी कोशिश होगी कि गांव, कस्बों और छोटे शहरों के खिलाड़ियों को ऐसा मंच मिले, जहां से वे राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर तक पहुंच सकें। संवाद

प्रतियोगिता की विजेता चौधरी नौनिहाल क्लब की टीम। स्रोत : क्लब

चौधरी नौनिहाल क्लब की खिताबी जीत

प्रयागराज। चौधरी नौनिहाल सिंह क्लब ने विष्णु भगवान पब्लिक स्कूल को 18 रन से हराकर डॉ. डीएन तिवारी स्मृति अंडर-16 क्रिकेट प्रतियोगिता का खिताब अपने नाम किया है। विष्णु भगवान पब्लिक स्कूल मैदान पर रविवार को खेले गए मैच में टॉस जीतकर पहले खेलते हुए चौधरी नौनिहाल सिंह क्लब ने 30 ओवर में नौ विकेट पर 213 रन (समर्थ पांडेय 71, आर्यन बनर्जी 59, कार्तिकेय सिंह 3/19, अर्णव गर्ग 3/40) बनाए। जवाब में विष्णु भगवान पब्लिक स्कूल क्लब की टीम 30 ओवर में नौ विकेट पर 195 रन (कार्तिकेय सिंह 58, अरुण पाल 29, आर्यन बनर्जी 2/19, सक्षम केसरवानी 2/30, मोहम्मद अली 2/35) ही बना सकी। मैच में अंपायरिंग मो. नबी व रवि केसरवानी ने और स्कोरिंग खुर्शीद अहमद ने की।

समापन समारोह के मुख्य अतिथि यूपी क्रिकेट एसो. के संयुक्त सचिव डॉ. उमर मुस्तफा हसन, पूर्व रणजी क्रिकेटर आशीष विंस्टन जैदी, इलाहाबाद क्रिकेटर एसो. के निदेशक आरपी भटनागर, डॉ. जूली ओझा ने पुरस्कार वितरित किए। आर्यन बनर्जी को मैन ऑफ द मैच, पार्थवर्धन सहायक को बेस्ट बैटर, मोहम्मद अली को बेस्ट बॉलर और सुहेब खान को मैन ऑफ द टूर्नामेंट चुना गया। आयोजन समिति के अध्यक्ष राजू नटेशन, सचिव मनोज कुमार, डॉ. आरके सिंह ने अतिथियों को सम्मानित किया। मैच की कॉमेंट्री अनवर सिद्दीकी ने की। अभिषेक तिवारी ने धन्यवाद दिया। इस मौके पर पूर्व क्रिकेटर चंद्रपाल दयाल, परवेज आलम, आलोक सिंह, राहुल पांडेय, संतोष सिंह, शैलेश श्रीवास्तव मौजूद रहे। संवाद

प्रथम ने चीफ जस्टिस एसके वर्मा इलेवन को जिताया

प्रयागराज। प्रथम मिश्र के (80 रन और एक विकेट) दम पर चीफ जस्टिस एसके वर्मा इलेवन ने जस्टिस एएन वर्मा इलेवन को 161 रन से हराया। आनंद शुक्ला व मुश्ताक अली ट्रॉफी के लिए खेली जा रही संगम प्रीमियर लीग क्रिकेट प्रतियोगिता में पूरे अंक प्राप्त किए।

प्रथम को पुरस्कार देते अनुराग श्रीवास्तव। स्रोत: एसो.

केपी कॉलेज मैदान पर चीफ जस्टिस एसके वर्मा इलेवन ने 40 ओवर में सात विकेट पर 228 रन (प्रथम मिश्रा 80, आदित्य तिवारी 41, प्रमोद यादव 32, अभिनव तिवारी 2/32, वर्तुल शुक्ला 2/33) बनाए।

जवाब में जस्टिस एएन वर्मा इलेवन की टीम 16.4 ओवर में 67 रन (शैजान अहमद 27, आकाश कुमार 12, संदीप पटेल 3/14, आदित्य यादव 3/18, कुशाग्र त्रिपाठी 2/01, सक्षम अवस्थी व प्रथम मिश्रा एक-एक विकेट) पर सिमट गई।

इलाहाबाद क्रिकेट एसोसिएशन की जूनियर चयन समिति के अध्यक्ष अनुराग श्रीवास्तव ने प्रथम मिश्रा को मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार दिया। संवाद

कैंटोनमेंट बोर्ड क्लब को आदित्य और सुमित ने जिताया

प्रयागराज। आदित्य पाल के अर्धशतक (95 रन, 79 गेंद, 14 चौके, तीन छक्के) और सुमित केसरवानी के बहुमुखी खेल (43 रन व 8-3-24-5) से कैंटोनमेंट बोर्ड क्लब ने सेंट जॉन्स क्लब को तीन रन से हराकर मनीष देब बी डिवीजन क्रिकेट लीग में पूरे अंक प्राप्त किए।

आदित्य पाल।

सुमित केसरवानी।

आयुष द्विवेदी।

प्रजाति टीम के आयुष द्विवेदी की गेंदबाजी (8-1-35-5) व्यर्थ हो गई। डीपीएस मैदान पर कैंटोनमेंट बोर्ड क्लब ने 40 ओवर में 218 रन (95 सुमित केसरवानी 43, अक्षत केसरवानी 35, आयुष द्विवेदी 5/35, वैभव पांडेय 2/35) बनाए।

जवाब में सेंट जॉन्स क्लब की टीम 40 ओवर में नौ विकेट पर 215 रन (आर्य श्रेष्ठ 46, अशोक प्रताप सिंह 36, सत्या 35, अनुराज बिंद 30, सुमित केसरवानी 5/24, नागेंद्र सिंह 2/46, आदित्य पाल 1/41) पर सिमट गई। संवाद

1500, 3000 और 5000 मीटर दौड़ में आदित्य को मिला स्वर्ण पदक

प्रयागराज। मोतीलाल नेहरू राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान में रविवार को 56वीं वार्षिक एथलेटिक मीट का समापन हुआ। ट्रैक स्पर्धाओं में 1500 मीटर, 3000 मीटर और 5000 मीटर दौड़ पुरुष वर्ग में आदित्य यादव ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर स्वर्ण पदक अपने नाम किया। 800 मीटर पुरुष वर्ग में दीपक और महिला वर्ग में सुप्रिया यादव ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। स्प्रिंट स्पर्धाओं के तहत 200 मीटर व 400 मीटर पुरुष वर्ग में मृण्मय बाउरी विजेता रहे, जबकि 200 मीटर महिला वर्ग में हर्षिका चौधरी और 400 मीटर में प्रज्ञा अग्रवाल ने प्रथम स्थान हासिल किया।

फील्ड स्पर्धाओं में हाई जंप व लॉन्ग जंप पुरुष वर्ग में एलनके बिजू ने शानदार प्रदर्शन किया। रिले दौड़ में 4×100 मीटर महिला टीम और 4×400 मीटर व 4×100 मीटर पुरुष टीमों ने प्रदर्शन कर प्रथम स्थान अपने नाम किया।

महिला वर्ग का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी पुरस्कार हर्षिका चौधरी व सुप्रिया यादव को संयुक्त रूप से और पुरुष वर्ग का पुरस्कार मृण्मय बाउरी व आदित्य यादव को दिया गया। मुख्य अतिथि भारत अंडर-19 महिला विश्व कप 2023 की प्रतिभागी फलक नाज रहीं। इस मौके पर संस्थान के कार्यवाहक निदेशक प्रोफेसर एमएम गोरे और छात्र क्रियाकलाप केंद्र के अध्यक्ष प्रोफेसर सुशील कुमार ने विजेताओं को मेडल व प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। संवाद

एमएनएनआईटी में एथलेटिक मीट के विजेता खिलाड़ी। स्रोत : संस्थान

पैदल चाल में डॉ.सुभाष और डॉ.रंजना ने मारी बाजी

प्रयागराज। इलाहाबाद मेडिकल एसोसिएशन की ओर से बीएचएस मैदान पर वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता में डॉक्टरों व परिजनों ने प्रतिभा दिखाई। तीन किमी पैदल चाल के पुरुष वर्ग (35 से 59 वर्ष) में डॉ.सुभाष वर्मा ने प्रथम, डॉ.केके मिश्रा ने द्वितीय व डॉ.बीके मिश्रा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। 60 से 69 वर्ष आयु वर्ग में डॉ.सौरभ गुजराती ने पहला, डॉ.अनिल शुक्ला ने दूसरा और डॉ.जेवी राय ने तीसरा स्थान अपने नाम किया।

इलाहाबाद मेडिकल एसोसिएशन की ओर से आयोजित प्रतियोगिता के विजेता खिलाड़ी। संवाद

महिला वर्ग की तीन किमी पैदल चाल (35 से 59 वर्ष) में डॉ.रंजना वर्मा प्रथम, डॉ.पल्लवी निगम द्वितीय व डॉ.वर्षा कुमार तृतीय रहीं। विभिन्न आयु वर्गों में 200 मीटर, 100 मीटर व 50 मीटर दौड़ प्रतियोगिताओं में अरनेश भूषण, स्वर्णिम गुप्ता, अरूज दूबे, अर्पित सिंह, अप्रतिम चौहान, डॉ. मो.यूनुस, डॉ.पंकज खत्री, डॉ.राकेश सिंह आदि ने शीर्ष स्थान हासिल किया।

प्रतियोगिता का नाम डॉ.सुनील वर्मा मेमोरियल वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता रखा गया है। पुरस्कार वितरण डॉ.अशोक कुमार मिश्र और डॉ.आशुतोष गुप्ता ने किया। संचालन खेल सचिव डॉ.अतुल दूबे ने किया। इस मौके पर डॉ.प्रतिमा वर्मा, डॉ.अनुराग वर्मा, डॉ.कचनार वर्मा, डॉ.अनुभा श्रीवास्तव रहे। संवाद

कार्यालय अधीक्षण अभियन्ता
प्रयागराज वृत्त, लो0नि0वि0, प्रयागराज

स्वीकृति की प्रत्याशा में ई–निविदा आमंत्रण सूचना

पत्रांक :– 940/6 काम बी0 प्रया0 वृ0./2026 दिनांक :– 07.02.2026

1. महामहिम राज्यपाल उत्तर प्रदेश की ओर से अधीक्षण अभियन्ता, प्रयागराज वृत्त, लो0नि0वि0, प्रयागराज द्वारा द्वारा उ.प्र. लो.नि.वि. में क्लास 'ए', 'बी','सी' में पंजीकृत एवं पात्र ठेकेदारों से निम्नलिखित कार्यो की प्रतिशत के आधार पर ऑन लाईन निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदादाताओं को सलाह दी जाती है कि निविदा डालने से पूर्व निविदा के लिए न्यूनतम अर्हता हेतु निविदा निर्देशिका "टी–2" का ध्यानपूर्वक अध्ययन कर लें।
2 .

क्र. स.	जनपद	कार्य का नाम	अनुमानित लागत (रू. लाख में)	धरोहर धनराशि (लाख में)	निविदा प्रपत्र का मूल्य (रू. में)	कार्य पूर्ण करने की अवधि	श्रेणी
1	2	3	4	5	6	7	8
1	कौशाम्बी	जवई टिकरा मार्ग से बिगेहरा उमरावल मार्ग का नवनिर्माण कार्य	80.00	6.00	Tender cost 300+ 2000/- stationery charge+GST= 2714.00	06 माह	ए.बी
2	कौशाम्बी	मखदुपर दरियापुर मार्ग से पलिटेक्निक होते हुए बरियावां तक मार्ग का नवनिर्माण कार्य	107.00	7.35	Tender cost 300+ 2000/- stationery charge+GST= 2714.00	12 माह	ए.बी
3	कौशाम्बी	बिगेहरा से जवई तक मार्ग का नवनिर्माण का कार्य	73.00	5.65	Tender cost 300+ 2000/- stationery charge+GST= 2714.00	06 माह	ए.बी.सी

3. प्रत्येक कार्य को पूर्ण करने की अवधि (वर्षाकाल सहित) उपरोक्त तालिका के कॉलम–7 में दर्शायी गयी है।
4. वेबसाइट http://etender.up.nic.in पर निविदा से सम्बन्धित समस्त विवरण एवं विस्तृत शर्तें तथा बिडिंग डॉक्यूमेन्ट्स आन लाइन देखे जा सकते है।
5. निविदा से सम्बन्धित समस्त अभिलेख वेबसाइट http://etender.up.nic.in पर दिनांक 17.02.2026 से 06.03.2026 को मध्यान्ह 12:00 बजे तक प्राप्त किये जा सकेंगें। आन लाइन बिड दिनांक 06.03.2026 को दोपहर 12:00 बजे या इससे पूर्व ई–निविदा http://etender.up.nic.in पर शासनादेश संख्या 14/2020/879/तेइस–7–2020–176 (साठ) /06 दिनांक 25.08.2020 के अनुपालन में प्रहरी एप http://wms.uppwd.gov.in/Prahari के माध्यम से अनिवार्य रूप से ऑनलाइन जमा कर दी जाय एवं आनलाइन प्राप्त समस्त टेक्निकल बिड दिनांक 06.03.2026 को दोपहर 12:30 बजे खोली जायेगी।
6. इच्छुक निविदादाता जिनके पास डिजिटल सिग्नेचर सर्टिफिकेट (DSC) नहीं है, वह इसे निविदा जमा करने से पहले अप्रूव एजेंसी से प्राप्त कर सकते है।

अधिशासी अभियन्ता
निर्माण खण्ड, लो0नि0वि0
कौशाम्बी

अधीक्षण अभियन्ता
प्रयागराज वृत्त, लो0नि0वि0
कौशाम्बी

www.upgov.nic.in
Upid- 246069 Dt.13.02.2026

अमर उजाला

यदि आपको अमर उजाला की प्रति नियमित या समय से नहीं मिल रही है तो कृपया टोल फ्री नंबर या ई-मेल के माध्यम से हमें बताएं। हम शीघ्र ही उसे समय से पहुंचाना सुनिश्चित करेंगे।

अपना अखबार शुरू करवाने के लिए संपर्क करें

1800 121 1166
सुबह 9 बजे से शाम 6 बजे तक

circulation@amarujala.com

यूको बैंक
आंचलिक कार्यालय : धनश्री कॉम्पलैक्स, प्रथम तल, डी–63/8–एम, तुलसीपुर, महमूरगंज, वाराणसी

ई–नीलामी बिक्री सूचना (सरफेसी एक्ट 2002 के तहत)

बैंक के प्राधिकृत अधिकारी ने प्रतिभूतिकरण वित्तीय आस्ति का पुर्ननिर्माण एवं प्रतिभूति ब्याज का प्रर्वतन अधिनियम – 2002 (SARFAESI ACT - 2002) की धारा 13(2) सहपठित नियम 5, 6, 7, 8, और 9 के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का उपयोग करते हुए बैंक के पास साम्पिक बंधक रखी गई निम्नलिखित संपत्ति के संबंध में मांग–नोटिस जारी करने के उपरांत उक्त अधिनियम की धारा 13(4) के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का उपयोग करते हुए संपत्तियों को कब्जे में ले लिया है और अब प्राधिकृत अधिकारी उक्त संपत्तियों को "जो है, जैसा है, जहां है" के आधार पर यथास्थिति ई–नीलामी द्वारा बिक्री करने हेतु निविदा https://baanknet.com पर आमंत्रित करते हैं।

क्र. सं.	शाखा का नाम ऋणी का नाम व बन्धककर्ता का नाम	बंधक सम्पत्ति का विवरण	कब्जा तिथि/ कब्जा की वस्तु–स्थिति (वास्तविक/प्रतीकात्मक)	मांग सूचना की तिथि व बकाया राशि	आरक्षित मूल्य अग्रिम मूल्य निविदा बढ़ोतरी राशि	प्राधिकृत अधिकारी का विवरण	ई–नीलामी की तारिख व समय
1	शाखा : मीरापुर (1918) ऋणी :–1– श्री अंकित कुमार सिंह पुत्र हरिओम सिंह पता : 86/52 रसूलपुर तुलसीपुर इलाहाबाद (उ0प्र0) 211003 2– श्रीमती प्रीति सिंह पत्नी श्री अंकित कुमार सिंह पता : 86/52 रसूलपुर तुलसीपुर इलाहाबाद (उ0प्र0) 211003	02.09.2025 (प्रतीकात्मक) सम्पत्ति के समस्त शेष एवं सम्पूर्ण भाग भूमि एवं भवन शामिल है, माप 94.10 वर्ग मीटर और जो श्री अंकित कुमार सिंह पुत्र हरीओम सिंह के नाम, स्थित आराजी नं0 52 मि का माप, मौजा पट्टी जलाल बेरुन झंडी (सोबतिया बाग) परगना एवं तहसील सदर जिला प्रयागराज, उप–सदर प्रथम प्रयागराज कार्यालय में बुक संख्या 1, जिल्द नं0 12661, पृष्ठ संख्या 339 से 360, विलेख संख्या 7439 पर दिनांक 03.11.2023 को पंजीकृत है। **चौहद्दी : पूर्व:** आराजी का भाग उसके बाद सुनीता सिंह का मकान, **पश्चिम:** लॉज, **उत्तर:** नंद लाल का मकान, **दक्षिण:** 12 फिट चौड़ा रास्ता	22.05.2025 रू. 28,24,363/- दिनांक 30.04.2025 तक की समस्त की मूं भाव + अनुक्त ब्याज, शुल्क, खर्चा आदि	रू. 38.11 लाख रू. 3.81 लाख रू. 0.10 लाख	प्राधिकृत अधिकारी श्री हेमन्त कुमार सिंह मो0 : 9903729729	24.03.2026 प्रातः 10.00 से सायं 05.00 तक

नीलामी से सम्बन्धित नियम व शर्तों के लिए यूको बैंक की वेबसाइट: www.ucobank.com या पीएसबी आलियान्स का ई विक्रय के https://baanknet.com को देखें।

नोटः यदि प्रकाशित विज्ञापन में कोई त्रुटि हो जाती है तो अंग्रेजी समाचार पत्र में प्रकाशित विज्ञापन को सही माना जाये।

दिनांक : 16.02.2026, स्थान : प्रयागराज / अंग्रेजी विज्ञापन दि टाइम्स ऑफ इण्डिया में प्रकाशित। प्राधिकृत अधिकारी, यूको बैंक

तुम जियो हजारों साल

अक्षिता त्रिपाठी। प्रतीक हेमनानी। प्रणव हेमनानी।

आपके 10 वर्ष तक के बच्चे का जन्मदिन कल है तो नाम व पते के साथ इसकी सूचना आज ही इसी मोबाइल नंबर 7617566162 पर शाम छह बजे तक हमें भेज दें। हम उसे निशुल्क प्रकाशित करेंगे।

अभिनव सिंह। परी केसरी। शिवानी सिंह। केके कनौजिया।

फाइनल में पहुंचीं वाराणसी और प्रयागराज की टीमें

आजमगढ़। सरदार पटेल इंटर स्टेट वॉलीबॉल प्रतियोगिता के दूसरे दिन सेमीफाइनल में लगातार तीन सेट जीतकर डीएलडब्ल्यू वाराणसी और प्रयागराज ने फाइनल में जगह बनाई। टूर्नामेंट में कुल सात टीमें डीएलडब्ल्यू, वाराणसी, मुजफ्फरनगर, प्रयागराज, देवरिया हॉस्टल, पटना, आजमगढ़ के बीच मैच खेला गया। केशव विद्यापीठ इंटर कॉलेज में इंडिया स्टार्ट पूर्वांचल की ओर से आयोजित प्रतियोगिता के आयोजक डॉ. ओमकार राय ने बताया कि ग्रुप ए में चार टीमें और ग्रुप बी में तीन टीमें खेलीं। पहला सेमीफाइनल प्रयागराज और हॉस्टल देवरिया के बीच पांच सेट में होना था। प्रयागराज की टीम ने लगातार तीन सेट जीतकर फाइनल में जगह बनाई। प्रयागराज की टीम ने हॉस्टल देवरिया को पहला सेट 25-23, दूसरा सेट 25-10 और तीसरा 25-20 से हराकर फाइनल में जगह बना ली। संवाद

युवा आयुर्वेदिक चिकित्सालय
संकोच क्यों ?? सम्पर्क करें.. 9519278666
207/53, 2nd FLOOR, महात्मा गाँधी मार्ग, सुभाष चौक सिविल लाइन, प्रयागराज
Website : www.yuvaayurvedic.com
इस पेपर की कटिंग लाने पर 700/- की छूट
युवा आयुर्वेदिक चिकित्सालय
सेवस समस्याएं